वारदात | लाखों के जेवरात पार होने का अंदेशा, तीन महीने में दूसरी बड़ी वारदात

हथिनी तलैया के पास सराफा कारोबारी से लूट

चिल्हारी नवभारत 3 मई। इंदवार थाना अंतर्गत पनपथा और पलझा-चिल्हारी मार्ग पर मौजूद हथिनी तलैया के पास अज्ञात लुटेरों ने सराफा व्यापारी के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया है।

घटना शनिवार की शाम करीब 7 बजे की बताई जा रही है। जब कारोबारी पनपथा से बाजार कर वापस गृह ग्राम पलझा जा रहा था। घटना की खबर के बाद कुछ ही देर में इंदवार पुलिस मौके पर पहुंची थी और बदमाशों को गिरफ्त में लेने का प्रयास किया था, लेकिन बदमाश वारदात को अंजाम देकर मौके से रफू चक्कर हो गए।

बदमाशों की संख्या तीन के करीब थी

पीड़ित की माने तो बदमाशों की संख्या तीन के करीब थी। पीड़ित सराफा कारोबारी पलझा निवासी संतोष सोनी बताया जा रहा है, जो पूर्व में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े रहे है। वर्ष 2002 में सेवा निवृत्त होकर वृद्ध होने के बावजूद कारोबार में जुटे थे। बताया जाता है कि बदमाशों ने वारदात के दौरान वृद्ध कारोबारी से मारपीट भी की है।

बेशकीमती आभूषण लेकर बदमाश हुए चंपत

इस वारदात में पीड़ित के पास रखे बैग में बेशकीमती आभूषण लेकर बदमाश कुछ ही पल में मौके से चंपत हो गए। हालांकि लुटे गए जेवर की अनुमानित कीमत फिलहाल स्पष्ट नही है। अंदेशा जताया जा रहा है कि बैग में लाखों के बेशकीमती जेवरात थे। बता दे कि गत माह 10 जनवरी को भी अमरपुर निवासी पुरुषोत्तम उर्फ जग्गीके साथ भी बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

ट्रैफिक पुलिस एवं आरटीओ ने वाहन चालकों व मालिकों को दी समझाइश

डिंडौरी, नवभारत 3 मई। विगत दिवस जिले के शहपुरा एवं विक्रमपुर क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग (आरटीओ) द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान वाहन चालकों एवं मालिकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, ओवरलोड वाहन नहीं चलाने तथा सभी आवश्यक दस्तावेज वैध एवं अद्यतन रखने की समझाइश दी गई। संयुक्त टीम ने वाहन चालकों को बताया कि ओवरलोड वाहन चलाने से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है तथा यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। इसके साथ ही फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा, पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस एवं परमिट जैसे दस्तावेज साथ रखने के निर्देश दिए गए।

नियमों का करें पालन-अधिकारियों ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना सभी वाहन चालकों की जिम्मेदारी है। भविष्य में भी इस प्रकार की संयुक्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

भीषण गर्मी में बेजुबानों के लिए वरदान बने गौ-सेवक

नगर में रखे पानी के कुंड, नंदी गौ जीव सेवा आश्रय की अनूठी पहल, लगातार तीसरे वर्ष कर रहे जीव सेवा का कार्य

शहपुरा नवभारत 3 मई। गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तेज धूप और तपती सड़कों के बीच जहां आमजन परेशान हैं, वहीं बेजुबान पशु-पक्षियों के सामने पानी की सबसे बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है। ऐसे कठिन समय में शहपुरा नगर के नंदी गौ जीव सेवा आश्रय के गौ सेवक मानवता और जीव दया की मिसाल पेश कर रहे हैं।

संस्था के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर पानी कुंड रखकर उनमें नियमित रूप से पानी भरने की व्यवस्था की जा रही है, जिससे आवारा गौवंश, कुत्ते, पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं को राहत मिल सके।

कुंडों में भर रहे स्वच्छ पानी-नगर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए गौ सेवकों ने इस वर्ष भी सेवा अभियान शुरू किया है। संस्था के सदस्य सुबह और शाम अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर पानी कुंडों में स्वच्छ पानी भर रहे हैं। इस पहल से सड़कों पर घूमने वाले पशुओं को पानी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ रहा है। वहीं पेड़ों और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले पक्षी भी इन जल कुंडों से अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

तीन वर्षों से कर रहे सेवा कार्य-नंदी गौ जीव सेवा आश्रय के सदस्यों ने बताया कि यह सेवा कार्य कोई नया नहीं है, बल्कि पिछले दो से तीन वर्षों से लगातार किया जा रहा है। हर वर्ष गर्मी के मौसम में संस्था द्वारा नगर में कई स्थानों पर पानी कुंड रखे जाते हैं और उनकी नियमित देखरेख भी की जाती है। उनका कहना है कि जीव सेवा सबसे बड़ा धर्म है और बेजुबानों की सेवा करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

निस्वार्थ भाव से बेजुबानों के लिए कर रहे काम

लोगों का कहना है कि जहां एक ओर कई लोग गर्मी में केवल अपनी सुविधा देखते हैं, वहीं गौ सेवक निस्वार्थ भाव से बेजुबानों के लिए काम कर रहे हैं। यह कार्य समाज के लिए प्रेरणा है और अन्य लोगों को भी आगे आकर ऐसे प्रयासों में भागीदारी करनी चाहिए। भीषण गर्मी के इस दौर में नंदी गौ जीव सेवा आश्रय शहपुरा का यह सेवा अभियान न केवल पशु-पक्षियों के लिए राहत बना है, बल्कि समाज को संवेदनशीलता और जीव दया का संदेश भी दे रहा है।

समझाइश देकर रुकवाया नाबालिग का विवाह

डिंडौरी में बाल विवाह पर प्रशासन की सख्ती

डिंडौरी, नवभारत 3 मई। जिले में बाल विवाह रोकथाम अभियान के तहत प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम रुसा रैयत में एक नाबालिग बालिका का विवाह रुकवा दिया।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग, वन स्टॉप सेंटर तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर हस्तक्षेप किया और समझाइश देकर विवाह रुकवाया। प्रशासन को फोन के माध्यम से सूचना मिली थी कि थाना डिंडौरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रुसा रैयत में 17 वर्ष 10 माह आयु की बालिका का विवाह कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही संबंधित विभागों की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दस्तावेजों की जांच की।

जांच में बालिका की आयु 18 वर्ष से कम पायी गई

जांच में बालिका की आयु 18 वर्ष से कम पाई गई, जिसके बाद टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विवाह रुकवा दिया। टीम ने परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए चेतावनी दी कि यदि नाबालिग का विवाह कराया जाता है तो इसमें शामिल प्रत्येक बालिग व्यक्ति को एक वर्ष तक का कारावास एवं दो लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। प्रशासन ने परिजनों को समझाइश दी कि बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही किया जाए।

विद्यार्थियों ने दी शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

शासकीय महाविद्यालय में छात्र,-छात्राओं का बिदाई समारोह आयोजित

अमरपुर नवभारत 3 मई। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट सतना द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य, बैचलर एवं मास्टर डिग्री अंतर्गत बीएसडब्लू फाइनल एवं एमएसडब्ल्यू फाइनल के छात्रों का बिदाई समारोह आयोजित किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि डॉ. स्वर्णिम पटेल एवं विकास खंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे मप्र जन अभियान परिषद एवं परामर्शदाता लाल सिंह ठाकुर, मनोज कुमार तंतुवाय, तिलक सिंह सैयाम, राधे श्याम बनवासी, नीतू मरकाम के उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुए।

विद्यार्थियों ने अनुभव साझा किए

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलीय चित्र के आगे दीप प्रज्वलित व फूल माला तथा पूजन कर किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत वंदन किया गया। तदोपरान्त अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में समस्त छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समाज सेवा करने को कहा गया। वहीं, छात्र, छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। सीनियर छात्र, छात्राओं ने अपने अपने अनुभव साझा किए।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत की साफ-सफाई

इसके पश्चात जल गंगा संवर्धन अभियान द्वितीय चरण चरण में जल संरक्षण को लेकर महाविद्यालय के नजदीक बने कंट्रोल ट्रेंच की साफ सफाई एवं आम के पौधों में वॉटर टपक ड्रिप विधि से पौधों में पानी बोतल रोपित कर कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महेश्वरी, राज कुमारी यादव, लीलावती, शिवानी ठाकुर, हृषिता, मीना वालरे, उमावती, सतीश कुमार, प्रशांत कुमार, पूनम गोस्वामी, काजल गुप्ता, अर्चना पाण्डेय, नीता मरकाम, ज्योति मानिकपुरी, सरोज परस्ते, आशा बनवासी, नरेंद्र कुमार, आशुतोष आदि उपस्थित रहे।

मजदूर दिवस पर निकाली रैली

चिल्हारी नवभारत 3 मई। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पत्रकार सुरक्षा कानून सहित विभिन्न मांगों को पूरा करने का भरोसा देते हुए कहा है कि हमारी सरकार समस्याओं का समाधान करने के लिए है। वे अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर शुक्रवार को भोपाल के समन्वय भवन में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

नवभारत प्रतिनिधि रमाकांत तिवारी ने बताया कि इसके पहले संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने उप मुख्यमंत्री शुक्ल को पत्रकार सुरक्षा कानून सहित 21 सूत्रीय मांगों का पत्र सौंपा। कार्यक्रम में काग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री मुकेश नायक सहित पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में श्रमजीवी पत्रकार साथी मौजूद थे। कार्यक्रम के बाद न्यू मार्केट में श्रमजीवी पत्रकार साथियों ने अपनी मांगों को लेकर विशाल रैली निकाल कर अपनी आवाज बुलंद की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मांग पत्र उन्हीं को दिया जाता है जो मांग को पूरा करते हैं। इसलिए निश्चित रूप से पत्रकारों की मांगों पर ध्यान दिया जाएगा। श्री शुक्ल ने कहा कि सत्ता आती है, जाती है हम लोग जनता की समस्या का समाधान करने वाले लोग हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि शलभ भदौरिया और मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ एक दूसरे के पर्याय है। इतने लंबे समय तक शलभ जी द्वारा दायित्व का निर्वाह उनके कार्यो को मान्यता प्रदान करता है।

संगठन हित में कार्य करने का संकल्प दोहराया

नव नियुक्त किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष का किया गया स्वागत

शहपुरा नवभारत 3 मई। भारतीय जनता पार्टी मण्डल शहपुरा द्वारा आवश्यक कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मण्डल शहपुरा के कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष घनश्याम कछवाहा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा किसानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए संगठन हित में कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर भाजपा मण्डल शहपुरा प्रभारी दुर्गेश साहू, जिला उपाध्यक्ष ज्ञानदीप त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम गुप्ता, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ. श्वेता जैन, जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, मण्डल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, पार्षद अनूप गुप्ता, पार्षद सुरेंद्र साहू, महामंत्री नितिन गुप्ता, राहुल रैकवार, पवन झारिया

नागरिक सही जानकारी दें और सतर्क रहें : सहाय

जनगणना महाअभियान शुरू, घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक और सुपरवाइजर

नवभारत उमरिया 3 मई। जिले मे 1 से 30 मई तक व्यापक जनगणना महाअभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान हजारों प्रगणक और सुपरवाइजर घर-घर पहुंचकर मकान गणना सहित 33 प्रकार की आवश्यक जानकारियां एकत्र करेंगे।

कलेक्टर एवं जिला प्रमुख जनगणना अधिकारी राखी सहाय ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय सहयोग करें और सही व सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित यह अभियान जिले में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है।

प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी-जनगणना का उद्देश्य देश की जनसंख्या, सामाजिक संरचना और आर्थिक स्थिति का सटीक आकलन कर भविष्य की योजनाओं को बेहतर ढंग से तैयार करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी इस प्रक्रिया की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

सामान्य और आधारभूत जानकारी-अभियान के तहत अधिकारियों द्वारा केवल सामान्य और आधारभूत जानकारी ही ली जाएगी, जिसमें मकान का प्रकार, परिवार के सदस्यों की संख्या, मुखिया का नाम, पेयजल, बिजली, शौचालय, बाथरूम, गैस कनेक्शन, टीवी, रेडियो, केबल, मोबाइल नंबर तथा साइकिल, मोटरसाईकिल, कार जैसी परिसंपत्तियां शामिल हैं।

आधार, पैन, बैंक खाता या अन्य जानकारी नहीं मांगी जाएगी-यह सभी जानकारी केवल सांख्यिकीय उपयोग और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रयुक्त होगी। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान किसी भी नागरिक से आधार, पैन, बैंक खाता, ओटीपी या अन्य वित्तीय जानकारी नहीं मांगी जाएगी। जानकारी देने से पहले संबंधित अधिकारी का पहचान पत्र अवश्य जांचें और केवल अधिकृत कर्मियों को ही जानकारी दें।

खरीदी केंद्रों में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जाए

कलेक्टर ने गेहूं खरीदी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

चिल्हारी। जिले में चल रही गेहूं खरीदी व्यवस्था को और अधिक किसान-हितैषी एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर राखी सहाय ने मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बडेरी स्थित अन्नपूर्णा वेयरहाउस, सेवा सहकारी समिति मर्यादित ददरौड़ी, आदिम जाति सेवा सहकारी केंद्र गढ़पुरी तथा सेवा सहकारी केंद्र सिगुड़ी का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, सुझाव एवं अनुभवों की जानकारी, व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, तिरपाल की उपलब्धता तथा तौल कांटों की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

अब तक 2078 क्विंटल गेहूं की खरीदी की गई

निरीक्षण के दौरान अन्नपूर्णा वेयरहाउस, ददरौड़ी में 1953 क्विंटल गेहूं खरीदी दर्ज पाई गई। यहां 12,500 वारदानों की उपलब्धता में से 3,906 का उपयोग किया जा चुका है तथा 290 स्लॉट बुकिंग दर्ज की गई। इसी प्रकार, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति गढ़पुरी में 27 किसानों से 500200 स्लॉट बुकिंग पाई गई। सेवा सहकारी समिति सिगुड़ी में अब तक 2078 क्विंटल गेहूं खरीदी की जा चुकी है।

खरीदी स्टॉक का भी किया निरीक्षण

कलेक्टर सहाय ने खरीदी स्टॉक का भी निरीक्षण किया तथा सर्वेयर को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप ही गेहूं खरीदी की प्रक्रिया संपादित की जाए, जिससे किसानों को उचित मूल्य एवं पारदर्शी व्यवस्था मिल सके। यह संपूर्ण कार्रवाई मध्यप्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों और मोहन यादव के नेतृत्व में किसानों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

अभियान | नर्मदा स्वच्छता अभियान में उमड़ा जनसैलाब

कलेक्टर ने स्वयं उठाई टोकरी, डिंडौरी बना मिसाल

डिंडौरी, नवभारत 3 मई। नर्मदा स्वच्छता को लेकर डिंडौरी से एक प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई है, जहां 'मैया अभियान' के तहत शंकर घाट पर भव्य सफाई अभियान आयोजित किया गया।

इस अभियान में प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर आम नागरिकों तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। रविवार को आयोजित इस अभियान में जनसैलाब उमड़ पड़ा। किसी ने झाड़ू संभाली, तो किसी ने कचरा उठाया।

कई लोगों ने नदी में उतरकर गंदगी बाहर निकाली

कई लोग नदी में उतरकर गंदगी बाहर निकालते नजर आए। यह दृश्य न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रतीक बना, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी का भी संदेश देता दिखा। अभियान की खास बात यह रही कि कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया स्वयं टोकरी उठाकर सफाई करती नजर आईं। उन्होंने श्रमदान कर उपस्थित लोगों को प्रेरित किया और नागरिकों से अपील की कि वे अपने शहर और गांव को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी हो जरूरी

कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य लोगों में जागरूकता पैदा करना है, ताकि मां नर्मदा सदैव स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनी रहें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी को बेहद जरूरी बताया। इस अवसर पर एसडीएम राम बाबू देवांगन, संयुक्त कलेक्टर भारती मरावी, सीएमओ अमित तिवारी सहित कई अधिकारी, कर्मचारी और स्वयंसेवक मौजूद रहे।